तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 2 जून 2025



13 फिंगेश्वर में अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं...



14 प्रदेश की पहली लिंक नहर परियोजना का विरोध, मलेवा...






## खबर संक्षेप

### सपोर्ट तार से बैल को लगा करंट, मौत

**मैनपुर।** लगातार इन दिनों बेमौसम बारिश में करंट से मवेशियों की मौत की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला सगड़ा के राऊल गुड्डी पारा का है, जहां आज



सुबह करीब 10:30 बजे एक बैल की ट्रांसफार्मर से जुड़े सपोर्ट वायर में करंट आने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सपोर्ट तार में अनजाने में करंट आ गया था, जिससे वह जानवर चिपक गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह कोई पहली घटना नहीं है। चार दिन पहले पहले इंदागांव में भी इसी तरह की घटनाएं सामने आ चुकी है। इन घटनाओं के बाद अब सवाल बिजली विभाग की लापरवाही पर उठने लगे हैं। जानकारों के अनुसार, बरसात में जमीन गीली होने के कारण करंट का प्रवाह जमीन के संपर्क में आ जाता है और खंभों या तारों से छूते ही जानलेवा साबित होता है।

### मैनपुर में विधानसभा स्तरीय संविधान बचाव रैली आज

**मैनपुर।** केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा संविधान के दुरूपयोग किए जाने के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आहवान पर बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओं रैली का



आयोजन 2 जून को दोपहर 01 बजे अम्बेडकर चौक में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का माल्य अर्पण कर एक रैली निकाली जायेगी और यह रैली पूरे नगर का भ्रमण करते हुए दुर्गामंच में सभा का आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने देते हुए बताया मैनपुर में 2 जून को संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया है। उन्होने बताया लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष सांसद राहूल गांधी द्वारा लगातार देश में संविधान बचाये जाने की आवाज उठाई जा रही है इसी कड़ी में मैनपुर में भी विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओं रैली का आयोजन किया गया है। युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवा दल, एनएसयुआई किसान कांग्रेस सहित सभी कांग्रेसियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपिल की है।

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए शिविर आज से शुरू

**रसेला।** छत्तीसगढ़ राज्य में दिनांक 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों पर हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह एवं लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत रसेला में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया है। उपरोक्त सदर्भित पत्र के परिपालन में 01/04/2019 के पूर्व समस्त वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के लिए सचिव परिवहन विभाग द्वारा दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं। उक्त निर्देशो में जिला गरियाबंद अंतर्गत छुरा ब्लाक में 31 मई को चरौदा में और 1 जून को कोसमी में शिविर का आयोजन किया गया। इस तरह 2 से 3 जून तक दो दिवसीय ग्राम पंचायत रसेला में 2 जून से आयोजित किया जाएगा। 4 जून को मडेली, 5 को ग्राम पंचायत पिपरछेडी, 6 को अकलवार, 7 जून को ग्राम पंचायत कामराज में एक दिवसीय शिविर का आयोजन होना है। सभी एक पहिए और चार पहिया वाहन चालकों को शिविर में आरसी बुक और आधार कार्ड का फोटो कापी लेकर आना अनिवार्य है। ग्राम रसेला में शिविर के लिए कोटवार द्वारा मुनादी की गई है।

### भाई ने की मारपीट

**महासमुंद।** मारपीट करने के मामले कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को सोनू साहू निवासी वार्ड नं 10 इमलीभाठा रेलवे लाईन किनारे महासमुंद ने बताया कि 31 मई की दोपहर वह 12.50 बजे वह अपने घर के सामने बैठा था।

# बारिश के साथ जहरीले कीड़ों, सर्प, बिच्छू व कीट-पतंगों का बढ़ रहा प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे विकासखंड क्षेत्र घने जंगल व नदी नालों से घिरे होने के कारण बारिश प्रारंभ होते ही जहरीले सर्प व कीड़े मकौड़े, बिच्छु से लोगों की जान की खतरा बढ़ गई है, नगर सहित क्षेत्र के ग्रामों में इन दिनों जहरीले सर्प नांग के साथ तरह-तरह के करायट, अहराज आदि सर्प ज्यादा निकल रहे हैं और बल्ब की रोशनी के आसपास कीड़े पतंगे आने लगी है जिससे लोग परेशान हो गये हैं। हर वर्ष बारिश प्रारंभ होते ही क्षेत्र में सर्पदंश की घटनाए बढ़ जाती है इसलिए लोगों को सावधानी बरतने की अपील स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय समय पर अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाता है, वनांचल मैनपुर क्षेत्र में रूक -रूककर हो रही हल्की बारिश से जहरीले सर्प कीडे मकौड़े से जान का डर बना हुआ है बारिश के बाद ये जहरीले सर्प कीड़े मकौडे अब ठंडी हवा पाने से बिल से बाहर निकल आये हैं और नगर सहित क्षेत्र में नाग सहित कई प्रकार के सर्प आसानी से दिखाई दे रहे हैं साथ ही शाम को घरों में बिजली का बल्ब जलाना दुष्वार हो गया है। बल्ब की रोशनी में तरह- तरह के कीड़े मकौड़े आ रहे हैं। रात के वक्त ग्रामीण ईलाके में खाना खाने के समय लालटेन जलाना भी दूभर हो गया है रोशनी के चलते कीट पतंगे परेशान करने लगे है।

## ग्रामीण इलाके में खाना खाने के समय लालटेन जलाना भी दूभर

### बिलों से बाहर निकल रहे सर्प

नौतपा के इस मौसम मे लगातार बारिश और धुप के कारण उमश बढ़ जाने से बिलों के अंदर रहने वाले जहरिले सर्प, बिच्छु बाहर निकल रहे हैं। रात के समय यह लोगों के लिए यह मुसीबत बनता जा रहा है। क्षेत्र और नगर गली मोहल्ले में इन दिनों जहरिले सर्प निकलने की घटनाए आम हो गई है। पिछले 15 दिनों में 3 लोग मैनपुर में सर्पदंश के शिकार हुए हैं लेकिन समय पर इलाज और अस्पताल पहुंचने के कारण सभी स्वस्थ्य है।



### ग्रामीण इलाकों में भोजन करना मुश्किल



बारिश के इन दिनों में तरह- तरह के कीट प्रकोपों के कारण ग्रामीण वनांचल के ग्रामों में रात के समय लालटेन चिमनी जलाकर खाना खाना भी मुश्किल हो गया है। लालटेन की रौशनी में चारो तरफ कीट पतंगे आ रहे हैं और लोग चैन से भोजन भी नहीं कर पा रहे हैं। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के वनांचल के ग्रामो में बिजली नहीं लगी है। ग्रामीण मधुराम नायक, तुलाराम मरकाम, टीकम सिंह कपिल, हरिश नेताम ने बताया शाम होते ही लोगों को भोजन करने में भारी दिक्कत आ रही है क्योंकि भोजन करते समय ग्रामीण लालटेन जलाते है और लालटेन की रोशनी में तरह-तरह के किट, पतंगे और छिपकली का जमवाड़ा लग रहा है जिससे लोगो को भारी परेशानी हो रही है।

**विडंबना :** जिस जगह हो रहा निर्माण वहां शाम होते ही असामाजिक तत्वों का रहता है जमावड़ा

# कोपरा नगर पंचायत में अटल परिसर विवाद भूमिपूजन एक जगह, निर्माण दूसरी जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में बनाए जा रहे अटल परिसर को लेकर नगर पंचायत कोपरा में विवाद गहराता जा रहा है। जिस सम्मान के साथ इस महान विभूति की याद में स्थान बनना था, वह अब भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ता दिख रहा है।

नगर पंचायत कोपरा में बन रहा अटल परिसर राजनीतिक जिद, लापरवाही और नियमों के उल्लंघन की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि अटल जी की ही पार्टी भाजपा से निर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष उन्हें वह सम्मान नहीं दे पा रहे हैं, जिसके वे वास्तविक हकदार हैं।

शासन ने अटल परिसर के निर्माण के लिए कोपरा नगर पंचायत को 20 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। यहां अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा स्थापित की जानी है। लेकिन जिस ज़मीन पर निर्माण कार्य शुरू किया गया है, उस पर न तो शासन की स्वीकृति है, न ही तकनीकी तौर पर यह उपयुक्त मानी जा सकती है। नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षदों और सीएमओ ने जिस जमीन का भूमि पूजन किया, निर्माण कार्य कहीं और शुरू करवा दिया। दुर्गा चौक के पास जिस संकरी जगह पर निर्माण कार्य जारी है, वहां शाम होते ही नशेड़ी और असामाजिक तत्व जुटते हैं। यह जगह शराब पीने वालों और खुले में पेशाब करने वालों का अड्डा बन चुकी है।

**जनता में आक्रोश, वार्डवासी बोले- अपमान न करें अटल जी का-** वार्ड नंबर 12 में करीब 9 फीट की तंग जमीन पर अब अटल जी की आदमकद प्रतिमा लगाई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस नेता ने देश को दिशा दी, उनके नाम पर बनने वाला परिसर किसी कोने की गली में नहीं, मुख्य चौक या प्रमुख उद्यान में होना चाहिए था। स्थानीय निवासी नरेश निषाद ने निर्माण पर आपत्ति जताते हुए सीएमओ को आवेदन दिया है। उनका कहना है कि ⏭ शेष पेज 13 पर





### निर्देशों की उड़ रही धज्जियां

शासन की गाइडलाइन के मुताबिक, प्रतिमा ऐसे स्थान पर लगे जहां लोगों की आवाजाही हो, मुख्य मार्ग हो और सम्मानजनक वातावरण हो। साथ ही जलस्रोतों के ऊपर किसी भी प्रकार का निर्माण प्रतिबंधित है, लेकिन यहां जिस जगह निर्माण हो रहा है, वहां हैंडपंप और पुराना जलश्रोत साफ दिख रहा है। इतना ही नहीं, बगल में सरस्वती शिशु मंदिर की खिड़कियां भी निर्माण स्थल की दीवार में टकरा रही हैं।



### पार्टी के भीतर भी असहमति पर अध्यक्ष अड़े हैं

बात यही नहीं थमती। भाजपा के अंदर ही कई नेता इस निर्णय से असहमत हैं, लेकिन कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। सब दबे जुबान विरोध कर रहे हैं, जबकि अध्यक्ष अपनी जिद पर अड़े हुए हैं। लोगों का कहना है कि अटल जी के नाम पर बन रहे इस परिसर को जिस तरह कोने की गली में सीमित किया जा रहा है, वह सीधे-सीधे उनके सम्मान का अपमान है। अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर प्रदेश भर में अटल परिसर बनाए जा रहे हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने इसके लिए स्पष्ट निर्देश और बजट भी जारी किया है। साइट प्लान, भूमि की स्वामित्व स्थिति, और अन्य अनुमतियाँ अनिवार्य हैं। लेकिन कोपरा में तो भगवान ही मालिक है न योजना का नक्शा, न जमीन की स्वीकृति सब कुछ मनमाने ढंग से चल रहा है।



### अध्यक्ष की पहल से सड़कें हुईं गड्ढामुक्त

**छुरा।** नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद के आग्रह पर टैक्टर संघ छुरा के सहयोग से नगर में सड़क के किनारे गड्ढो पर मुरम डाला गया। नगर में सड़क के किनारे बने गड्ढे दुर्घटना को आमंत्रित करते हैं, इन्हें बात से अवगत तथा आगामी समय में कोई भी अप्रिय घटना ना हो इसलिए नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद ने नगर के ट्रैक्टर संघ से आग्रह किया कि आप नगर में सड़क किनारे बने गड्ढे जो दुर्घटना को आमंत्रित करते हैं जिसे आप सभी के सहयोग से मुरूम डालकर इसको सड़क को व्यवस्थित करने का सहयोग करें, जिससे सहर्ष स्वीकार करते हुए ट्रैक्टर संघ ने मुरूम डालकर सहयोग किया। जिसमे मुख्य रूप से ट्रैक्टर संघ अध्यक्ष मानसिंह निषाद, रुखमन निषाद, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र चंद्राकर, सचिव खूबचंद चंद्राकर, मितेश साहू, राजा पांड़े, विनोद यादव, तुलसीराम, धनीराम साहू, सभापति बलराज पटेल, चम्पेश्वर गिरी गोस्वामी, निखिलेश साहू, योगाचार्य मिथलेश सिन्हा एवं अन्य उपस्थित थे।

## बैंकों में पार्किंग व्यवस्था नहीं, राहगीरों और ग्राहकों को हो रही भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

नगर के मुख्य मार्ग पर संचालित बैंकों में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन लाखों-करोड़ों रुपये का लेनदेन करने वाले इन बैंकों के सामने ग्राहकों द्वारा सड़क पर वाहन खड़े कर देने से यातायात व्यवस्था बिगड़ जाती है।



स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब सोमवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। ग्राम पंचायत से गांधी चौक तक जाने वाले मुख्य मार्ग पर बैंक के सामने खड़े वाहनों के कारण राहगीरों और विशेषकर पैदल चलने वालों को काफी परेशानी होती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह समस्या वर्षों से बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। मैनपुर में अधिकांश बैंक किराए के मकानों में संचालित हो रहे हैं, जिनमें पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। लोगों ने मांग की है कि बैंक प्रबंधन को ग्राहकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग की समुचित व्यवस्था करनी चाहिए। पूर्व में भी नागरिकों द्वारा इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत की गई है, लेकिन प्रशासन और बैंक प्रबंधन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नगरवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द बैंक परिसर के पास वैकल्पिक पार्किंग स्थल की व्यवस्था की जाए, ताकि नागरिकों को सुविधा मिले और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम हो सके।

## एक वर्ष बाद पुनः शुरू हुआ दोना-पत्तल निर्माण केन्द्र

खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में वन विभाग द्वारा पिछले 6-7 वर्षों से दोना पत्तल केन्द्र संचालित किया जा रहा था लेकिन पिछले एक वर्ष से दोना पत्तल केन्द्र बंद कर देने से यहां महिलाओं को जो रोजगार मिल रहा था वह बंद हो गया था। इस खबर को हरिभूमि ने एक माह पूर्व प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था इसके बाद वन प्रशासन ने इस मामले को सज्ञान में लिए और गरियाबंद डीएफओ लक्ष्मण सिंह के प्रयास से फिर दोना पत्तल केन्द्र प्रारंभ कर दिया गया है जिससे अब नगर सहित क्षेत्र के महिलाओं को दोना पत्तल केन्द्र में रोजगार मिलने लगा है। मैनपुर में वन विभाग द्वारा 6-7 वर्षों से दोना पत्तल केन्द्र संचालित होने से महिलाओं एवं लड़कियों को रोजगार देने में तथा आर्थिक रूप से सबल बनाने में यह केन्द्र काफी महत्वपूर्ण साबित हुआ है यहां लाखो रूपये के मशीन लगाए गए है ज्ञात हो कि मैनपुर स्थित दोना पत्तल केन्द्र कोरोना संकटकाल में काफी लाभदायक साबित हुआ थौ जब लोग घर से नही निकल पा रहे थे ऐसे समय में यह रोजगार उपलब्ध कराने में कारगार साबित हुआ ओर इस केन्द्र से लगभग दो लाख रूपये की मास्क बनया गया था और वितरण किया गया था। मैनपुर दोना पत्तल में निर्माण किए जाने वाले दोना पत्तल की मांग छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ अन्य प्रदेशो में जबरदस्त देखने को मिलता है। यहां बनाए जाने वाले दोना पत्तल की क्वालिटी काफी बेहतर होने से इसकी मांग अधिक है।





### महिलाओं को मिल रहा रोजगार

मैनपुर वनविभाग एसडीओ राजेन्द्र सोरी ने बताया की एक वर्ष से दोना पत्तल केन्द्र बंद था जिसे अब प्रारंभ कर दिया गया है जिससे क्षेत्र की महिलाओं को अब रोजगार मिलने लगी है।



9 माह से बंद पड़े दोना पत्तल केन्द्र को शुरु कराने की मांग

कलेक्टर ने पौधारोपण के लिए अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

# जिले में 5 जून से एक पेड़ मां के नाम 2.0 महाअभियान

कलेक्टर ने पौधारोपण के लिए अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर इस वर्ष भी जिले में एक पेड़ मां के नाम 2.0 महाअभियान की शुरुआत की जाएगी। इसी सिलसिले में कलेक्टर बीएस उइके ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित कर वृक्षारोपण की तैयारियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि इस महाअभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण है, बल्कि जनसहभागिता और सामुदायिक चेतना को भी मजबूत करना है। इस अभियान के तहत 5 जून से 30 सितंबर तक जिले में व्यापक वृक्षारोपण किया जाएगा। खासकर विद्यालयों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों एवं इको क्लब्स की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### जल संरक्षण अभियान चलाने के दिए निर्देश



बैठक में कलेक्टर ने वृक्षारोपण के लिए चिन्हित 10 एकड़ भूमि, पौधों की प्रजातियां, नर्सरी तैयारियों और जल संरक्षण से संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। इसके साथ ही मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत ग्रामीणों में जल संरक्षण को लेकर जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायतों, शासकीय भवनों और अन्य उपयुक्त स्थलों पर जल संरक्षण से जुड़े स्लोगन लिखवाने के निर्देश भी दिए। इस महाअभियान में मनरेगा, जल शक्ति अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन और राष्ट्रीय ग्रीन हाईवे मिशन जैसी योजनाओं को भी संरेखित किया जाएगा। विभिन्न विभागों जैसे पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, जल संसाधन और लोक निर्माण विभाग की सहभागिता से अभियान को और प्रभावी बनाया जाएगा।

### पोर्टल पर दर्ज होगी डेटा

वृक्षारोपण की गतिविधियों का पूरा रिकॉर्ड जिला वृक्षारोपण समिति द्वारा meriLiFE पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग, इको क्लब और अन्य संस्थाएं भी पोर्टल पर डेटा दर्ज करेंगी। बैठक में डीएफओ लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, एसडीएम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से अपील की कि वे व्यक्तिगत और विभागीय स्तर पर इस पर्यावरणीय महाअभियान को सफल बनाने में योगदान दें।

## जिले के अतिशेष प्रधान पाठकों एवं सहायक शिक्षकों की काउंसिलिंग शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

- पहले दिन 164 शिक्षकों को मिला नया स्कूल, मौके पर दिए गए पदस्थापना आदेश

राज्य शासन के निर्देशानुसार गरियाबंद जिले में अतिशेष प्रधान पाठकों एवं सहायक शिक्षकों की काउंसिलिंग प्रक्रिया की शुरुआत रविवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गरियाबंद में हुई। इस प्रक्रिया की शुरुआत कलेक्टर बी.एस. उइके की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से की गई। प्रथम चरण में वरिष्ठता के आधार पर प्रधान पाठकों की काउंसिलिंग की गई, इसके पश्चात सहायक शिक्षकों की। चयन प्रक्रिया के दौरान शिक्षकों को रिक्त विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराई गई और एलईडी स्क्रीन पर विद्यालयों की अद्यतन स्थिति प्रदर्शित की गई। पहले ही दिन कुल 164 शिक्षकों को नवीन पदस्थापना आदेश प्रदान किए गए, जिनमें टी संवर्ग के 6 प्रधान पाठक, 133 सहायक शिक्षक एवं ई संवर्ग के 25 शिक्षक शामिल थे। काउंसिलिंग में भाग लेने ⏭ शेष पेज 13 पर



## खबर संक्षेप

### कारागुला में भीमसेन एकादशी मेला 6 को



नर्रा। बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत पंडरीपानी के आश्रित ग्राम कारागुला में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी व 6 जून शुक्रवार को भीमसेन एकादशी मेला का आयोजन किया गया है। यहां पर विराजित महाभारत काल के पांचों पांडव में भीम सेन, अर्जुन, युधिष्ठिर समेत भगवान कृष्ण, माता कुंती, द्रोपती, नकुल व सहदेव इत्यादि की प्रतिमाएं स्थापित है। आयोजक समिति के संयोजक खोलबाहरा निषाद, अध्यक्ष मोतीराम यादव, उपाध्यक्ष पीतांबर दीवान, सचिव श्रवण कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष भोलाराम निषाद, ग्राम विकास समिति इत्यादि ने चर्चा में बताया कि इस ग्राम में मेला लगने के पीछे बहुत ही रोचक प्रसंग जुड़ा हुआ है। यह मेला 48वां वर्ष होने जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि 5 जून गुरुवार को कलश यात्रा के पश्चात दीप प्रज्वलन होगा। इस अवसर पर रात्रि में पंडवानी कार्यक्रम दाई के कोरा नीरा चक्रधारी साल्हे रेसडा जिला बलौदाबाजार का कार्यक्रम होगा। वहीं दूसरे दिन प्रेम सुमन नाचा पार्टी ग्राम बेंदाड़ी तह छुरिया जिला राजनांदगांव छग कार्यक्रम रखा गया है।

### परकोम में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

नर्रा। सनातन नवनिर्माण युवा समिति ग्राम परकोम के तत्वावधान में भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन आज 2 जून सोमवार को रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रभा परमेश्वर पटेल एवं विशिष्ठ अतिथि स्वास्थ्य विभाग सभापति लता कुम्हार, जनपद सदस्य पूजा एवन साहू, जनपद सदस्य लोचन पटेल एवं लखन लाल लखमनिया खरियाररोड़ होंगे।

### छग की जनजातियां एवं संस्कृति पर आधारित पुस्तक भेंट की

महासमुंद। पीएनबी के पूर्व महाप्रबंधक एवं लेखक विष्णु मोहन पांडा ने छत्तीसगढ़ के जनजाति एवं संस्कृति पर आधारित पुस्तक केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एवं सचिव जनजातीय मामले के सचिव बिभु नायर को भेंट की। पुस्तक में छत्तीसगढ़ के स्वदेशी समुदायों, उनकी समृद्ध परंपराओं और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया है। यह उनकी जीवनशैली पर औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के प्रभाव की भी जांच करता है तथा उनके लचीलेपन और सतत सांस्कृतिक पहचान पर जोर देता है। राज्य की जनजातियां सामाजिक रूप से बहुत विकसित हैं और अपने सामाजिक जीवन से संतुष्ट हैं। हमें उन्हें समझना चाहिए और उनकी गरिमा का सम्मान करना चाहिए। पांडा ने पर्यटन और संस्कृति पर 23 पुस्तकें लिखी हैं, जो मुख्य रूप से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और नेपाल से संबंधित हैं। इसके अलावा उन्होंने भगवान राम, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और बैंकिंग आदि पर भी पुस्तकें लिखी हैं। पांडा ने छत्तीसगढ़ पर्यटन और संस्कृति पर 4 पुस्तकें पहले ही प्रकाशित कर दी हैं।

## समस्या: लगातार बारिश व आंधी से धान फसल खेतों में गिरी

# नौतपा के दौरान बारिश से मिली राहत, किसानों के लिए आफत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अरंड (पिथौरा)

क्षेत्र में मई माह की 25 तारीख से शुरू हुआ नौतपा इस बार अपनी तपिश नहीं दिखा सका। आज नौतपा का अंतिम दिन है, और पूरे नौ दिनों में कभी सुबह तो कभी शाम हुई बारिश के कारण तापमान में अपेक्षाकृत ठंडक बनी रही। बारिश के इस क्रम ने जहां आम लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं किसानों के लिए यह मौसम नुकसानदायक साबित हुआ। रबी फसलें पककर तैयार हो गई हैं। अधिकांश कृषकों ने अपनी फसलों की कटाई कर उन्हें सुरक्षित घर तक पहुंचा दिया है,



किंतु कुछ किसानों की फसलें अभी भी खेतों में ही पड़ी हैं।

असमय वर्षा के कारण ये फसलें खराब होने की स्थिति में पहुंच गई हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। विशेष रूप से ग्राम अरंड, मोहदा, कोटादादर और अरंड जैसे क्षेत्रों में जिन कृषकों ने समय रहते फसल की लुआई नहीं की, उनकी फसलें बारिश की भेंट चढ़ गईं। तेज हवाओं और लगातार हो रही बारिश के चलते धान की फसलें जमीन में गिर गई हैं, जिससे कृषकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। ग्राम अरंड, नयापारा कला, कोटाददर मोहंदा के किसान विसंभर ध्रुव, भुवनलाल ठाकुर, देवी सिंह ध्रुव, अखिलेश ध्रुव, पंचराम ध्रुव ने बताया कि उनके धन की कटाई बारिश के कारण नहीं हो पाई है।

## बरेकेलखुर्द में 12 दिवसीय समर कैंप का आयोजन, विविध गतिविधियां हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिथौरा(ग्रामीण)




समीपस्थ ग्राम बरेकेलखुर्द में लर्निंग एंड माइग्रेशन प्रोग्राम के अंतर्गत समर्थ संस्था द्वारा लर्निंग रिसोर्स सेंटर के माध्यम से 12 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सीखने के अवसर प्रदान किए गए, जिससे बच्चों में रचनात्मकता, जिज्ञासा और आत्मविश्वास का विकास हुआ। शिविर के दौरान बच्चों को कहानी, कला एवं शिल्प, खेल, आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता, स्टेम किट, गीत, विज्ञान के प्रयोग सहित विभिन्न विषयों पर गतिविधियां करवाई गईं। बच्चों ने चित्रकला, स्टोरी बुक निर्माण, साइंस मॉडल, जोड़-घटाव, गुणा, मापन, शब्द पहचान व शब्द रचना जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समर कैंप के माध्यम से ग्रामीण बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अनूठा अवसर मिला। जहां एक ओर बच्चों ने रचनात्मक गतिविधियों से अपनी प्रतिभा को निखारा, वहीं दूसरी ओर उनके अभिभावकों और शिक्षकों ने भी बच्चों के शैक्षणिक विकास को नजदीक से देखा और सराहा। इस तरह के प्रयास न केवल बच्चों की शैक्षणिक नींव को मजबूत करते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं।

समर कैंप के समापन अवसर पर ग्राम पंचायत बरेकेल खुर्द के सरपंच राजकुमार निराला, एसएमसी सदस्य आल्हा पटेल, सेवकराम पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अक्षय ठाकुर, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक अंतर्यामी प्रधान, शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक रामकरण बघेल, समर्थ शिक्षक मुकेश कुमार मधुकर, शिक्षा मित्र रमा जांगड़े एवं कम्युनिटी मोबिलाइज़र मिलन मिरी उपस्थित रहे।

## कोमाखान तहसील में कानूनगो शाखा खोलने की मांग : अंकित

### अभी भी बागबाहरा तहसील कार्यालय में है आश्रित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने मांग करते हुए कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोच के अनुरूप कोमाखान को तत्काल तहसील का दर्जा देते हुए तहसील कार्यालय खुलवाया जा चुका है, जिसका लाभ कोमाखान तहसील अंतर्गत रहने वाले ग्रामीणों को हो रहा है। परंतु, साय सरकार आए डेढ़ साल हो गए। परन्तु, आज दिनांक तक यहां कानूनगो शाखा नहीं खुली है, जिसका



नुकसान ये है कि अगर किसी भी व्यक्ति को प्रकरण की नकल चाहिए या किसी का भी मुआवजा प्रकरण बनता है तो इस प्रकार के सभी आवश्यक कार्यों के लिए आज भी कोमाखान तहसील को बागबाहरा कार्यालय के ऊपर आश्रित रहना पड़ता है। इस समस्या की जानकारी होते ही तत्काल अंकित बागबाहरा द्वारा जिलाधीश महासमुंद को जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत कर कोमाखान तहसील में शीघ्र कानूनगो शाखा खोलने की मांग की गई है।

## आवासीय खेल अकादमी बिलासपुर के लिए जिले के 8 खिलाड़ियों का चयन

### तीरंदाजी एवं हॉकी खेल में जिले के खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमी बिलासपुर के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल आयोजित किया गया, जिसी अंतिम मेरिट सूची जारी की गई। जिसमें तीरंदाजी एवं हॉकी खेल में जिले के खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में शामिल होकर बैटरी टेस्ट व स्किल टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन किया। जिसमें तीरंदाजी खेल में बालक वर्ग में मनीष सिदार पिता सेत कुमार सिदार, टोपू ध्रुव पिता ओंकेश ध्रुव, प्रियांशु साहू पिता राकेश साहू व अमर सवर पिता प्रांती सवर एवं बालिका वर्ग में जया पहाटिया पिता फूलदास पहाटिया व तृषा प्रजापति पिता हीरामनी प्रजापति का चयन हुआ। हॉकी खेल में बालक वर्ग में बेमचा से डोगेश निषाद पिता जवाहर लाल निषाद एवं कुणाल





कुलदीप पिता रूपेश कुलदीप का चयन हुआ। चयनित खिलाड़ियों को शासन द्वारा निःशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल सामग्री, प्रशिक्षण, भोजन, आवास, खेल किट उपलब्ध कराया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को मूल दस्तावेज, संलग्न प्रपत्र सहित 9 जून को स्व. बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बेहतराई बिलासपुर में 11 बजे तक उपस्थित होने कहा गया।

#### खिलाड़ियों के चयन पर जताया हर्ष

खेल अकादमी बिलासपुर के लिए जिले के खिलाड़ियों का चयन होने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, प्राचार्य एकलव्य महेंद्र टंडन, व्यायाम शिक्षक डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, डॉ. सुनील कुमार भोई, छात्रावास अधीक्षक बॉल आश्रम बिहाझर, डॉ. पुर्नेंद्र चंद्राकर, जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, एवन कुमार साहू सचिव एवं तीरंदाजी प्रशिक्षक, सोमनाथ साहू, पिरित राम साहू, संजय पैकरा, जया साहू, नवलीन कौर, नीलम साहू इत्यादि ने हर्ष जताया है।

## शतरंज में उत्कृष्ट योगदान के लिए हेमंत हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिथौरा(ग्रामीण)

विप्र महाविद्यालय रायपुर में आयोजित आशीष शर्मा स्मृति राज्य स्तरीय ओपन शतरंज स्पर्धा पर पिथौरा निवासी हेमंत खुटे को शतरंज के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान टूर्नामेंट डायरेक्टर नवीन शुक्ला एवं फीडे आर्बिटर रोहित यादव द्वारा प्रदान किया गया। हेमंत खुटे पिछले 30 वर्षों से शतरंज जगत में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे शतरंज के एक कुशल खिलाड़ी



होने के साथ-साथ निर्णायक, कोच, मैनेजर, ट्रेनर, लेखक, स्तंभकार एवं इवेंट ऑर्गेनाइजर के रूप में भी अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं। हाल ही में ऑल इंडिया चेस फेडरेशन ने उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें चेस इन स्कूल्स कार्यक्रम का विशेष सदस्य मनोनीत किया है। वर्तमान में हेमंत खुटे महासमुंद जिला शतरंज संघ एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उल्लेखनीय है कि वे भारत की एकमात्र हिंदी खेल पत्रिका शतरंज सम्राट में भी कार्यकारी संपादक के रूप में निशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उनके इस समर्पण और योगदान को शतरंज समुदाय में अत्यंत सराहना मिल रही है।

## सरायपाली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मानसिक रोग उपचार शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

- शिविर में जिला चिकित्सालय महासमुंद टीम देंगी सेवाएं

स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में 2 जून को मानसिक रोग उपचार व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें जिला चिकित्सालय महासमुंद के स्वास्थ्य टीम द्वारा मानसिक रोग जैसे अवसाद, चिंता, विकार, सिजोफ्रेनिया, नशे की लत वाले व्यक्तियों का उपचार और परामर्श किया जाएगा। इस संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एचएल जांगड़े ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के विचारों, मनोदशा या व्यवहार में भारी बदलाव होता है तो वह इस बात का संकेत हो सकता है कि उसे मानसिक बीमारी है। कभी-कभी कोई व्यक्ति अत्यधिक क्रोध, शत्रुता में हिंसा पर उतारू हो जाता है जो कि दैनिक समस्याओं या तनाव से निपटने में असमर्थता के कारण होता है एवं दोस्तों, सामाजिक व पारिवारिक गतिविधियों से दूरी बनाकर रहने लगता है, जो कि एक मानसिक विकार हो सकता है। यदि ऐसे मरीज आपके आसपास है तो उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को भेज सकते हैं। उपरोक्त जानकारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टीआर धृतलहरे ने दी है।

## नारी शक्ति की प्रतीक है रानी अहिल्याबाई होल्कर: सरला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली



- अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर श्रद्धा और गर्व के साथ कर रहे स्मरण

अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर को नमन करते हुए कहा कि भारत के इतिहास में कुछ महिलाएं ऐसी रही है, जिनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श बन गया। उन्ही में से एक है राजमाता अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300वीं जयंती पर हम श्रद्धा और गर्व के साथ इन्हें स्मरण कर रहे हैं। कोसरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का संकल्प हर नारी समर्थ बने। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में अहिल्याबाई होल्कर के पदचिन्हों पर चलते हुए नारी सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना की शुरुआत की है। महिलाओं की सुरक्षा और न्याय के लिए महिला हेल्प लाईन 181, सखी वन स्टॉप सेंटर, फास्ट ट्रैक कोर्ट, विधिक सहायता जैसे उपाय सुनिश्चित किए गए है। उन्होने कहा कि मालवा साम्राज्य की रानी अहिल्या बाई होल्कर की जयंती केवल एक स्मरण नही, बल्कि संकल्प का अवसर है।

## बाल व्यक्तित्व विकास शिविर आज से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान 2 से 8 जून तक बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का निःशुल्क आयोजन होने जा रहा है। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति ने एक विज्ञप्ति में बताया कि विद्यार्थी जीवन में कला शक्ति और सद्गुणों के विकास के लिए संस्थान द्वारा चलाए जा रहे समर कैंप बाल व्यक्तित्व विकास शिविर स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में आयोजित की जाएगी। जिसमें कक्षा 6वी से 10वी के विद्यार्थी प्रातः 8 से 10 बजे तक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जीवन मूल्य शिक्षण, राजयोग ध्यान सत्र, गेम्स वेल्यू, विविध प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आकर्षक उपहार इस शिविर के मुख्य आकर्षण होंगे।

## छप्पर मरम्मत कार्य में जुटे ग्रामीण



नर्रा। क्षेत्र में बीते सप्ताहभर से अधिक हो गए बेमौसम बारिश के कारण काम काज ठप रहा। मौसम खुलते ही ग्रामीण काम काज में जुट गए हैं। कुछ ग्रामीण अपने कच्चे मकान की छप्पर मरम्मत के कार्य में नजर आए।

## बीज उत्पादक किसानों को अनुदान, प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाएगा: चंद्रहास

### छत्तीसगढ़ बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने रूआबांधा बीज प्रक्रिया केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर 31 मई को दुर्ग जिले के रुआबांधा बीज प्रक्रिया केंद्र में आयोजित कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों से लगभग 60 बीज उत्पादक कृषक शामिल हुए। अध्यक्ष चंद्राकर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न जिलों में स्थित बीज प्रक्रिया केंद्रों के भ्रमण के दौरान कृषकों ने उन्हें समस्या व मांगों से अवगत कराया है। अतः शीघ्र ही बीज निगम के उत्पादक कृषकों के लिए उत्पादन अनुदान, प्रोत्साहन राशि तथा परिवहन अनुदान के दिशा में सार्थक कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक प्रधानमंत्री की मंशा अनुसार कृषकों से प्रत्यक्ष जुड़ाव एवं संवाद के माध्यम से देश की कृषि और किसान को संपन्न बनाने के लिए जारी है। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक



किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने द्वारा उपसंचालक कृषि दुर्ग को भी किसानों के मांग के अनुरूप ही बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कृषकों ने बीज उत्पादन पर विचार रखे गए। कृषक दीपक चंद्राकर ग्राम-औरी तथा पुरानिक साहू ग्राम-रीवागहन द्वारा अपने उन्नत कृषि गतिविधियों सहित बीज उत्पादन कार्यक्रम के लाभकारी अनुभवों को साझा किया गया। महासमुंद के प्रगतिशील कृषक शंकरलाल चंद्राकर एवं ग्राम-उरला के कृषक शंकरदास सोंधी ने कहा कि छग राज्य हेतु अनुशंसित फसलों के पुराने किस्म आज भी अधिक उत्पादन दे रहे हैं। अतः इन्ही के समतुल्य नई किस्मों को भी कृषक भाइयों को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान निगम अध्यक्ष चंद्राकर ने 6 समितियों में बीज भंडारण के लिए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर भी रवाना किया गया। बीज प्रक्रिया केंद्र के गोदामों का कृषकों के साथ मिलकर अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान बीज प्रबंधक एसके बेहरा ने बताया कि जिले के कृषकों द्वारा हमेशा उन्नत तथा अच्छी गुणवत्ता का बीज उत्पादन किया जाता है। जिसके फलस्वरूप चालू खरीफ 2025 के दौरान इस प्रक्रिया केंद्र से लगभग 3500 किंवटल बीज की आपूर्ति राज्य के अन्य जिलों को किया गया है साथ अपने जिले के मांग अनुरूप 80 प्रतिशत बीज भंडारण किया जा चुका है। कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि संदीप भोई, जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष नीलम चंद्राकर, महासमुंद जिले के प्रगतिशील कृषक शंकरलाल चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर सहित बीज निगम, बीज प्रमाणीकरण संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वच्छता दीदियों का सम्मान निबंध, रंगोली और चित्रकला में बच्चों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नगर निगम जोन 6 क्षेत्र में शनिवार को स्वसहायता समूह की महिलाओं, स्वच्छता दीदियों को उनके कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इसी तरह बच्चों के लिए रंगोली, निबंध और चित्रकला की प्रतियोगिता रखी गयी। इसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लेकर सुंदर रंगोली बनाई। देवी अहिल्या बाई होल्कर के जीवन प्रसंग को निबंध के माध्यम से प्रस्तुत किया। विजेता प्रतिभागियों को इस मौके पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

नगर निगम के संस्कृति विभाग द्वारा महापौर मीनल चौबे और संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर 21 मई से 31 मई तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन



किया गया। जोन 6 के कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा की उपस्थिति रही। इसी तरह जोन 10 की ओर से देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती अवसर पर जोन की स्वसहायता समूह की महिलाओं के लिए विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्वच्छता दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## खबर संक्षेप

### विकास व खुशहाली का दूसरा नाम भाजपा सरकार : कश्यप



**मैनपुर।** भाजपा मंडल मैनपुर के महामंत्री महेश कश्यप ने कहा की छत्तीसढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश विकास के नया अयाम गढ़ रहा है प्रधानमंत्री मोदी की गरंटी को धरातल पर उतारने का कार्य कर दिखाया है। महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है और सुशासन तिहार के माध्यम से गांव-गांव तक अधिकारी, कर्मचारी पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं श्री कश्यप ने कहा की केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार एवं राज्य के विष्णुदेव सरकार के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों लोगों का सपना पूरा हो रहा है। आज गांव-गांव प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य युद्धगति पर चल रहा है गरीबों का सपना पूरा हो रहा है।

### दो पक्षों के बीच मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम रिसेकेला में दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को तुलसीराम डडसेना ग्राम रिसेकेला ने बताया कि 30 मई की रात गांव अजय चौहान द्वारा मोहल्ले में शराब पीकर गाली गलौज कर रहा था। जिसे मना किया तो आरोपी अजय चौहान एवं उसके पिता जयलाल चौहान द्वारा गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट की गई। वहीं दूसरे पक्ष के अजय चौहान ने बताया कि 30 मई की रात करीब 7 बजे हेमसागर डडसेना, खेमराज डडसेना उसे देखकर गाली गलौज कर रहे थे। जिसका विरोध किया तो उन्होंने विवाद कियाथा। 31 मई की सुबह जब वह अपने घर से करीब 7:30 बजे तालाब जाने के लिए निकला था, तभी हेमसागर ने उसे देखकर गाली दी और हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। आवाज सुनकर सेतकुमार और तुलसी डडसेना एवं उसके अन्य साथी डंडा लेकर आये और सभी एक राय होकर गाली गलौज करते हाथ-मुक्का से मारपीट करने लगे। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### गोहेदादर की सड़क में भरा पानी

**बसना।** जिले के बसना विकासखंड अंतर्गत आने वाले कोलिहादेवरी ग्राम पंचायत अंतर्गत आने वाला छोटा सा गांव गोहेदादर इन दिनों बुनियादी समस्याओं से जूझ रहा है। सरकार जहां एक ओर ग्रामीण विकास के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं चला रही है। वहीं दूसरी ओर कुछ गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।

**विरोध :** महासमुंद के कोडार बांध में 112 किमी पाइप लाइन लिंक परियोजना को शासन ने दी है मंजूरी

# प्रदेश की पहली लिंक नहर परियोजना का विरोध, मलेवा अंचल के किसान एकजुट





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

सिकासार जलाशय के पानी महासमुंद के कोडार बांध में भूमिगत 112 किलोमीटर पाइप लाइन लिंक परियोजना बनाने शासन ने मंजूरी दी गई है। ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव के पहले पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू, वर्तमान विधायक राजिम रोहित साहू सहित तमाम जनप्रतिनिधि रसेला और पीपरछेडी में बैठकर किसानों को यहां कहा था सिकासार जलाशय के पानी को महासमुंद कोडार जलाशय नहर निर्माण के द्वारा होगा। जिसमें इस क्षेत्र के किसान इस महत्वाकांक्षी परियोजना का लाभ होंगे। मगर इस परियोजना को लिंक नहर डैम से डैम जोड़ने से और भूमिगत पाइप लाइन के द्वारा सिकासार जलाशय से कोडार बांध तक बनाने शासन ने मंजूरी दी है। पैरी घुम्मर संघर्ष समिति के बैनर तले मलेवा अंचल क्षेत्र के समस्त किसानों का कहना है कि सिकासार जलाशय के पानी को महासमुंद जिले के कोडार बांध तक 112 किलोमीटर लंबी भूमिगत पाइप लाइन लिंक परियोजना के हम सभी किसान इसका विरोध करते हैं और जब तक इस क्षेत्र के किसानों को इस परियोजना का लाभ नहीं मिलेगा तो इस क्षेत्र के समस्त किसान भूमिगत पाइप लाइन लिंक परियोजना के लिए न जमीन देंगे और न ही बनने देंगे। इस कड़ी में शुक्रवार को मलेवा अंचल के किसानों ने ग्राम पीपरछेडी में एक वृहद बैठक आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्रीय विधायक जनक राम ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य लेखराज ध्रुवा सभापति, संजय नेताम, लोकेश्वरी नेताम, जनपद अध्यक्ष गरियाबंद सोहन दीवान सहित क्षेत्र के समस्त सरपंचगण, ग्राम पटेल, ग्राम प्रमुख और समस्त कृषकगण उपस्थित थे। इस बैठक में जल संसाधन विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता एस के बर्मन भी अपने स्टाफ के साथ शामिल हुए थे। उन्होंने ना सिर्फ किसानों की बातों को सुना बल्कि परियोजना की जानकारी से भी सभी को अवगत कराया गया। जिस परियोजना का विरोध किया जा रहा है दरअसल ये राज्य की पहली लिंक नहर परियोजना है। जिसका प्रारुप तैयार है। इसे सिकासार - कोडार लिंक परियोजना का नाम दिया गया है। ये परियोजना करीबन 26 सौ करोड़ रुपए होगी। इसमें 200 हेक्टेयर वन भूमि और 35 हेक्टेयर निजी भूमि प्रभावित होगी।

#### पानी की कमी वाले स्थान पर कर सकते हैं डायवर्ट

डिपार्टमेंट ऑफ वाटर रिसोर्सेज गरियाबंद के एक्सिक्यूटिव इंजीनियर एस के बर्मन ने बताया कि अतिरिक्त वर्षा या बेमौसम बारिश से जब नदी में बाढ़ आती है, तब कई जगहों पर पानी फ्लटेल हो जाता है, ऐसे पानी को जहां पानी नहीं है या पानी की कमी है, वहां डायवर्ट करके ले जाया जा सकता है। इसके लिए माध्यम होना चाहिए, यही लिंक परियोजना है। इस दौरान क्षेत्र के समस्त कृषकगण और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

#### हम प्यासे रहे यह होने नहीं देंगे

आपको बता दें कि गरियाबंद जिले के मलेवा अंचल में ही 1977 में ही सिकासार बांध का निर्माण हुआ है। किन्तु इस क्षेत्र में सिंचाई सुविधा नहीं है। जिस क्षेत्र में बांध का निर्माण हुआ, उसी क्षेत्र के लोगों बांध का पानी नसीब नहीं हुआ। इसी को कहते है दिया तले अंधेरा, पैरी घुम्मर संघर्ष समिति के किसान इसी बात से नाराज हैं कि जल जंगल जमीन की लड़ाई है, अपने हक और अधिकार के पानी को हम दूसरे को दे और हम प्यासे रहे यह होने नहीं देंगे, चाहे इसके लिए आर पार की लड़ाई का निर्णय ले चुके हैं। क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधि किसानों के साथ है।

## सतनामी समाज का आमचुनाव 29 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ सतनामी समाज पंजीयन क्रमांक 3933/2012का त्रैवार्षिक आम चुनाव 29 जून को निर्धारित किया गया है। 25 फरवरी को प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के वार्षिक आमसभा में लिए गए निर्णय अनुसार आम चुनाव की घोषणा कर दिया गया है।

- नामांकन दाखिल करने की तिथि 6 से 10 जून तक

निर्वाचन अधिकारी के एल रवि द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के 1 अध्यक्ष, 4 उपाध्यक्ष जिसमें एक महिला आरक्षित, 1 महासचिव, एक कोषाध्यक्ष, एक सहसचिव, एक प्रवक्ता, एक मिडिया प्रभारी सहित 15 प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जिसमें तीन महिला के लिए आरक्षित हैं कुल 25 पदों पर चुनाव या मनोनयन किया जाएगा। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 31 मई को किया गया है जिसके लिए दावा आपत्ति 3 जून को शाम चार बजे तक लिया जाएगा। दावा आपत्ति का निराकरण उपरांत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 5 जून को किया जाएगा। 6 जून को निर्वाचन की अधिसूचना जारी किया जावेगा। 6 जून 2025 से 10 जून तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 10 जून शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। 11जून को प्राप्त नामांकन पत्रों का संविक्षा जांच किया जाएगा। नाम वापस करने के लिए 13 जून निर्धारित किया गया है। उसी दिन नाम वापसी उपरांत अभ्यर्थियों की सूची एवं चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा। 29 जून को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। मतदान उपरांत उसी दिन मतगणना किया जाएगा। प्रगतिशील छग सतनामी समाज के निर्वाचन अधिकारी के एल रवि सहायक निर्वाचन अधिकारी एस आर बांधे, सहायक निर्वाचन अधिकारी के डी सोनवानी एवं कार्यालय सहायक कृष्णा कुमार कोशले होंगे।

## यादव समाज को प्रतिनिधित्व नहीं मिलने पर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



राज्य की राजनीतिक संरचना में यादव समाज को नहीं मिली समुचित भागीदारी

राज्य की राजनीतिक संरचना में समुचित भागीदारी नहीं मिलने से नाराज यादव समाज ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम पर गरियाबंद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। यादव समाज के नेताओं ने ज्ञापन में कहा कि छत्तीसगढ़ में यादव समाज की जनसंख्या अधिक होने के बावजूद मंत्रिमंडल एवं विभिन्न बोर्डों और निगमों में उन्हें प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है, जो सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपने पहुंचे सर्व यादव समाज जिला अध्यक्ष सतीश यादव, ठेठवार यादव समाज जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव, और युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष उग्रसेन यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रमुख सदस्य मौजूद रहे। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि यादव समाज छत्तीसगढ़ में सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से हमेशा से सक्रिय रहा है। समाज ने हर चुनाव में लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए राजनीतिक दलों को समर्थन दिया है। इसके बावजूद जब सत्ता में भागीदारी की बात आती है, तो यादव समाज को बार-बार नजरअंदाज किया जाता है।

पुरुषोत्तम यादव ने कहा कि जब भाजपा को यादव समाज में ऐसा कोई प्रतिनिधि योग्य नहीं दिखता, जिसे निगम-मंडल में स्थान दिया जा सके, तो यह गहरी चिंता का विषय है। उन्होंने चेतावनी दी कि जून माह में मुख्यमंत्री निवास और भाजपा कार्यालय का घेराव किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। प्रांतीय यादव ठेठवार समाज के आह्वान पर यह ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांग की गई है कि प्रदेश के मंडल, निकाय और संगठनों में यादव समाज को समुचित भागीदारी प्रदान की जाए और भविष्य में इस तरह की उपेक्षा की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से सतीश यादव, पुरुषोत्तम यादव, जितेन्द्र यादव, उग्रसेन यादव, रिखी राम यादव, सुनील यादव, तेजेश यदु, दशरथ यादव, दीनबंधु यादव, परसराम यादव, भुनेश्वर यादव, घनश्याम यादव, ठाकुर राम यादव, देवनारायण यादव, ढपेंद्र यादव, भारत यादव और अन्य समाजजन उपस्थित थे।

### 2019 से फरार अंतरराज्यीय गांजा तस्कर दानिश दिल्ली से गिरफ्तार

**पिथौरा (ग्रामीण)।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और पिथौरा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए वर्ष 2019 से फरार चल रहे अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहम्मद दानिश, निवासी पुराना मुस्तफाबाद, गोकलपुर, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली को दिल्ली से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मिली जानकारी अनुसार 28 मई 2019 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक स्कोडा कार क्रमांक डीएल 1 सीएम 0940 को पकड़ने की कोशिश की थी, जिसमें भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन की जा रही थी। पुलिस को देखकर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया था। तलाशी के दौरान वाहन की डिक्की से 150 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था। इस संबंध में अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान वाहन स्वामी की पहचान मोहम्मद दानिश पिता जलील अहमद के रूप में हुई, जो कि उत्तरप्रदेश के बरेली जिले के परोही गांव का स्थायी निवासी है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और पिथौरा पुलिस की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और ठोस जानकारी के आधार पर दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में दबिश देकर आरोपी को 26 मई को हिरासत में लिया।

## शिक्षक व पुराने मित्र जीवन का अनुपम उपहार हैं : ओमकुमारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

आईसेक्ट कंप्यूटर संस्थान में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू एवं विशेष अतिथि समाजसेवी योगिता सिन्हा उपस्थित रही। अतिथियों द्वारा आईसेक्ट के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि छात्रों को छात्र जीवन में शिक्षा के साथ सभी प्रकार के गतिविधियों में सम्मिलित होना चाहिए। जिससे उनका मानसिक विकास भी होगा। छात्रों को हमेशा नए विचारों एवं नए प्रयोग करते रहना चाहिए। छात्र जीवन किसी भी व्यक्ति का सबसे स्वर्णिम समय होता है। जिसे वह जीवन भर याद रखता है। पुराने शिक्षक एवं मित्र जीवन का अनुपम उपहार होता है। इसलिए बच्चों को चाहिए कि वे मन लगाकर कर पढ़ाई करे एवं सभी गतिविधियों में सम्मिलित हो। विशेष अतिथि योगिता सिन्हा ने कहा कि शिक्षा जीवन का अमूल्य उपहार है। शिक्षित युवा देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। साथ ही साथ स्कूली जीवन में एनसीसी, एनएसएस, खेलकूद अत्यंत अनिवार्य है। चित्रकला, गीत संगीत, बागवानी, कुकिंग जैसे प्रतिभा जीवन में नए आयाम लाते है। स्कूल या कॉलेज व्यक्तित्व विकास एवं मार्गदर्शन का प्रमुख केंद्र है। हमें अपने गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए। संचालन आईसेक्ट की वरिष्ठ शिक्षिका साखी निर्मलकर ने किया। पुरस्कार वितरण समारोह में आईसेक्ट की शिक्षिका खिलेश्वरी साहू, भुनेश्वरी साहू, पूर्वी साहू, विजय यादव, डेमन साहू, शुभ यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं मौजूद थे।

- आईसेक्ट में उत्कृष्ट चित्रकला विजेता पुरस्कृत

## युक्तियुक्तकरण, अतिशेष शिक्षक करेंगे काउंसलिंग का बहिष्कार

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों में छात्र संख्या और शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया जारी है। लेकिन युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में सेटअप 2008 का पालन नहीं करने की शिक्षकों की ओर से विरोध किया जा रहा है। प्रदेशभर के 10463 स्कूलों का युक्तियुक्तकरण का आदेश शिक्षा विभाग की ओर से जारी किया जा चुका है। अब स्कूलों में अतिशेष शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण में सेटअप 2008 का पालन नहीं करने पर विरोध करने का निर्णय लिया। प्रदेश संचालक मंडल का कहना है कि सेटअप 2008 का पालन नहीं करने पर सभी जिलों में युक्तियुक्तकरण से अतिशेष शिक्षकों द्वारा काउंसिलिंग का व्यापक और पुरजोर विरोध किया जाएगा और काउंसिलिंग का बहिष्कार किया जाएगा। गरियाबंद जिलों के सभी जिलाध्यक्षों,



जिला संचालकों और सभी ब्लॉक अध्यक्षों व संचालकों के द्वारा सामूहिक नेतृत्व में काउंसिलिंग का बहिष्कार किया जाएगा। काउंसिलिंग सेंटर में निगरानी भी साझा मंच द्वारा किया जाएगा। शिक्षक साझा मंच को तत्काल निरीक्षण करने कहा गया है। साथ ही सभी अतिशेष शिक्षकों से शिक्षा गुणवत्ता के हित में काउंसिलिंग का बहिष्कार करने की अपील की गई है।

## विधायक साहू ने सुनी लोगों की समस्याएं, निदान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम




विधायक इंद्रकुमार साहू अपने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यालय ऋषि दास वैष्णव सामुदायिक भवन में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने उपस्थित सभी नगर वासियों से रूबरू होते हुए प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को अतिशीघ्र निदान के लिए आदेश दिए। इस दौरान ग्राम तर्री के मुस्कान महिला स्वास्थ्य समूह के सदस्य मालती बाई,कुलेश्वरी बाई, रेणुका, सरोज,मंजू,अंजू, रुख्मणी, सुषमा यशोदा, जयंत्री, प्रमिला, सावित्री, खेमिन आदि महिलाओं ने अपने समूह के लिए भवन निर्माण के लिए अनुदान राशि प्रदान करने के लिए विधायक श्री साहू को आवेदन दिया। महिलाओं ने बताया कि वे स्व-सहायता समूह के द्वारा दोना,पत्तल बनाने का कार्य करती है जिससे वे आमदनी भी कमा रही है। जनदर्शन कार्यालय में विधायक श्री साहू के अलावा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, परदेशी राम साहू, पाषर्दगण सहदेव कंसारी, रवि साहू, जिना बाई निषाद, धीरज साहू, प्रेमलाल साहू, मुकेश ढीढी, पारसमणी साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

**अहिल्या बाई की जयंती पर उनके जीवन पर वक्ताओं ने डाला प्रकाश**

# महारानी अहिल्या बाई महिला उत्थान की अग्रदूत : धनराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जन्म जयंती पर नगर पंचायत के तत्वाधान में महिला स्वास्थ्य सहायता समूह एवं मातृ शक्तियों का सम्मेलन मानस भवन फिंगेश्वर में आयोजित हुआ। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू, भाजपा मंडल फिंगेश्वर के अध्यक्ष मंजू लता हरित, पूर्व पार्षद कमलेश यदु, पार्षद पदमा यदु संतोषी श्रीवास्तव, भाजपा मंडल महामंत्री मिंजुम साहू, नगर पंचायत फिंगेश्वर के सीएमओ चंदन मानकर अतिथि के रूप में मंच में कार्यक्रम में उपस्थित थे।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा महारानी अहिल्याबाई होलकर के छाया चित्र पर श्रीफल एवं पुष्प माला से पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मानकर सहित कर्मचारियों ने किया। वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होलकर का आज पूरा देश में 300वे जन्म जयंती पूरी देश के विभिन्न राज्यों में सभी संस्थाओं द्वारा मनाया जा रहा है। महारानी अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को एक सामान्य परिवार में हुआ था जिन में बालिकापन से ही दयालुता सेवा एवं भक्ति सहित अनेक गुण समाहित रहे हैं तथा सेवा समर्पण सहित अनेक गुणों की खान रही है जिससे प्रभावित होकर मराठा राजा मल्हार राव ने अपने पुत्र खंडेराव से विवाह कर पुत्र वधू बनाया।

**सती प्रथा सहित अनेकों कुरीतियां को किया समाप्त-** नगर पंचायत अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी ने कहा की आज महिलाएं पुरूषों से भी आगे बढ़कर काम कर रही है जिसका श्रेय जाता है तो वह थी महारानी अहिल्याबाई होलकर जिन्होंने नारियों के उत्थान के लिए सामाजिक क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कार्य की है। भाजपा मंडल फिंगेश्वर के अध्यक्ष डॉक्टर मंजू लता हरित ने कहा कि केंद्रीय एवं राज्य एवं जिला के नेतृत्व निर्देश पर नगर पंचायत फिंगेश्वर के तत्वाधान में महिला शक्तियों महिला स्वास्थ्य सहायता समूह की बहने तथा स्वच्छता बहने सहित नगर क्षेत्र के नारियों का संगोष्ठी के माध्यम से महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वे जन्म जयंती का आयोजन किया गया है। महारानी अहिल्याबाई ने नारी शक्ति के उत्थान में अनेक महत्वपूर्ण कार्य की है। उन्होंने नारी शिक्षा सहित अनेक क्षेत्रें में काम करते हुए सती प्रथा संहित अनेको कुरीतियां को समाप्त किया है। उनके द्वारा किए गए सेवा एवं समर्पण का कार्य सहित उनकी जीवनी हम नारियों के लिए महान प्रेरणादाई है।

#### महिला समूह की बहनों को दिया गया पंजीयन प्रमाण पत्र



पूर्व पार्षद कमलेश यदु ने कहा कि आज पूरा भारत महारानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती मना कर उनसे प्रेरणा ले रहे हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत फिंगेश्वर के अंतर्गत आने वाले सभी स्वस्थ सहायता महिला समूह की बहनों को पंजीयन प्रमाण पत्र दिया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन नगर पंचायत फिंगेश्वर की मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदन मानकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिला स्व सहायता समूह की बहनों सहित नगर की महिलाएं एवं जनप्रतिनिधि पार्षद तथा नेता गण उपस्थित थे।

